**फा.सं. 25-I(08)/2022-एएचडी/एआर**
**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
*****

## जून, 2022 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

### 1. गोपशु और डेयरी विकास:

राष्ट्रीय डेयरी विकास परियोजना (एनपीडीडी) के तहत दिनांक 24.06.2022 को परियोजना संस्वीकृति समिति ने 102.77 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय (केंद्रीय हिस्सेदारी 70.76 करोड़ रुपये) के साथ ओडिशा, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश में एक-एक, कुल तीन परियोजनाओं का अनुमोदन किया है। ये परियोजनाएं मुख्यत: बल्क दूध कूलरों (बीएमसी), स्वचालित दूध संग्रहण इकाईयों (एपीएमसीयू), डाटा प्रसंस्करण दूध संग्रहण ईकाईयों (डीपीएमसीयू) और दूध में मिलावट की जांच करने वाली मशीनों (प्राथमिक स्तर की डेयरी सहकारिताओं में), डेयरी संयंत्र प्रयोशालाओं के सुदृढ़ीकरण और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी नेटवर्किंग आदि की स्थापना के लिए हैं।

### 2. पशुधन स्वास्थ्य:

(i) विभाग ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जूनोटिक रोगों, क्षमता निर्माण, वन हेल्थ कार्यक्रम और एएमआर से संबंधित "एकीकृत समुदायआउटरीच कार्यक्रम"के लिए हितधारकों (सार्वजनिक/निजी) के साथ दिनांक 2 जून, 2022 को आयोजित प्रारंभिक बैठक में भाग लिया।

(ii) विभाग ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 7 जून, 2022को आयोजित "वन हेल्थ इंडिया"पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे पर चर्चा में भाग लिया जिसमें भारत में वन हेल्थ के संस्थाकरण (अंतर-मंत्रालयी एमओयू मसौदा और मंत्रालयों में अंतर-क्षेत्रीय समन्वय इकाइयों के लिए वन हेल्थ प्रकोष्ठ/कार्यक्रम इकाई की स्थापना) संबंधी औपचारिक क्रियाविधि शामिल है।

(iii) विभाग ने कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूलन संवाद के पहले मसौदे पर टिप्पणियां प्रदान की जिसमें वन हेल्थ अवधारणा संबंधी श्रेष्ठ पद्धतियां, वैकल्पिक औषधि पर फोकस के साथ जानवरों में एंटीबायोटिक्स के उपयोग के संबंध में जागरूकता तथा योजना बनाने संबंधी पहल, खाद्य सुरक्षा तथा पोषण संबंधी योगदान के लिए जलवायु अनुकूल (रेजिलिएंट) पशुपालन नवाचारों का समावेश और रिसाइकिलंग तथा मृदा प्रबंधन पर फोकस के साथ जमीनी स्तर पर पर्यावरण अनुकूल पशु अपशिष्ट प्रबंधन और निपटान तकनीकी का विकास शामिल हैं।

(iv) विभाग ने दिनांक 6-7 जून, 2022 को पुणे में सभी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशालाओं (आरडीडीएल) की समीक्षा बैठकें आयोजित कीं जिसमें वास्तविक तथा वित्तीय प्रगति और संचालन संबंधी मुद्दे शामिल थे।

(v) विभाग ने एंटी माइक्रोबियइल रेजिस्टेंस (एएमआर) पर इंडो-डच सहयोग के संबंध में दिनांक 13 जून, 2022 को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) में नीदरलैंड के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के लिए अधिकारियों को नामित किया।

(vi) विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), गृह मंत्रालय द्वारा दिनांक 27-28 जून, 2022 के दौरान एनआईडीएम, दिल्ली में आयोजित दो दिन की "भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यशाला" के लिए अधिकारियों को नामित किया।

(vii) विभाग ने एनएपी-एएमआर (2022-26) तैयार करने के संबंध में एनसीडीसी द्वारा डब्ल्यूएचओ के सहयोग से 22-23 जून, 2022 को आयोजित एंटीमाइक्रोबियल रजिस्टेंस पर नई राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी-एएमआर) के लिए हितधारक परामर्श में भाग लिया।

(viii) विभाग ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय द्वारा दिनांक 23 जून, 2022 को राष्ट्रीय जैवसुरक्षा और जैवसंरक्षा रूपरेखा के संबंध में आयोजित बैठक में भाग लिया।

(ix) विभाग ने पॉलिसी पर्सपेक्टिव फाउंडेशन (पीपीएफ) द्वारा दिनांक 22.06.2022 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 'पशु सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश' जारी करने सहित 'मेनस्ट्रीमिंग एनिमल इश्यूज इन डिजास्टर रिस्क रिडक्शन' पर आयोजित अर्द्ध-दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

(x) विभाग ने बिहार में अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसए) के नियंत्रण और रोकथाम के संबंध में पशुपालन आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 25.06.2022 को बिहार राज्य और एनआईएचएसएडी के साथ संवेदीकरण (सेंसीटाइजेशन) बैठक का आयोजन किया।

(xi) इस महीने के दौरान लगभग 0.27 करोड़ पशुओं को ईयर-टैग किया गया और लगभग 0.96 करोड़ पशुओं का एफएमडी के प्रति टीकाकरण किया गया। ब्रुसेला के लिए टीकाकरण भी शुरू किया जा चुका है और अब तक 3.93 लाख पशुओं का टीकाकरण हो चुका है।

(xii) दूसरा वन हेल्थ कर्नाटक में प्रारंभ किया गया, जो राज्य सरकार (स्वास्थ्य, पशुपालन और वन विभाग), बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और सीआईआई की साझेदारी में दिनांक 28 जून, 2022 को बेंगलुरु में आयोजित किया गया। इस प्रायोगिक योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए पशु, मानव और पर्यावरण स्वास्थ्य के हितधारकों को एक साझे मंच पर लाना है।

पशु, मानव एवं वन्यजीव विभागों के बीच समन्वय के संस्थाकरण, रोग निदान तथा निगरानी को सुधारने, आंकड़े संग्रहण तथा साझा करने की क्रियाविधि का डिजिटिलाइजेशन और जूनोटिक रोगों तथा वन हेल्थ के कार्यान्वयन पर ध्यान देने की आवश्यकता पर समुदाय के सदस्यों के बीच और अधिक संवाद संभव करके यह पशुधन स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य, वन्यजीव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सुधारने का काम करेगा। कर्नाटक में यह प्रायोगिक योजना भारत के लिए वन हेल्थ ढांचे के विकास का आधार तैयार करेगी।

## 3. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) :

पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत ऋण गारंटी के लिए 75 करोड़ रु. जारी किए गए।

## 4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) :

पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) तथा पशुचिकित्सा और फेडरल सर्विस फॉर वेटनरी एंड फाइटोसेनेट्री सुपरविज़न (एफएसवीपीएस, रूस के बीच दिनांक 06.06.2022 को द्विपक्षीय बैठक (वर्चुअल मोड में) आयोजित हुई। यह बैठक संयुक्त सचिव (आईसी) तथा फेडरल सर्विस फॉर वेटनरी एंड फाइटोसेनेट्री सुपरविज़न (एफएसवीपीएस), रूस के प्रमुख के सलाहकार श्रीमान वासीली

(व्लादिमीरोविच) लावरोवस्की की सह-अध्यक्षता में हुई। इस बैठक के दौरान भैंस के मांस, भारतीय डेयरी, अंडा उत्पादों, भेड़/बकरी के मांस, पालतु पशुओं का भोजन, जिसमें पशु मूल के अवयव शामिल हैं। भारत से रूस को निर्यात संबंधी मुद्दों सहित बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा हुई। इसी प्रकार बैठक में, कुक्कुट उत्पादों, जीवित कुक्कुट, हेचिंग एग्स, ताजा कुक्कुट मांस, डेयरी उत्पादों, सुअर उत्पादों, रॉ हाइड्स, भेड़ की ऊन आदि के रूस से भारत में निर्यात पर भी चर्चा की गई।

## 5. क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी) :

- आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने विश्व दुग्ध दिवस 2022 के अवसर पर डेयरी, कुक्कुट तथा अन्य पशुधन किसानों, नवाचारी उद्यमियों स्टार्ट-अप्स और उद्योग पर फोकस के साथ एक कॉन्क्लेव का अयोजन किया। आजादी के 75 साल के अवसर पर कॉन्क्लेव का विषय पशुधन क्षेत्र के 75 सफल उद्यमियों और बेहतर उत्पादन और बेहतर अनुकूलन के माध्यम से पशुपालन क्षेत्र को बदलने की क्षमता रखने वाली बोवाइन/कैपराइन/ओवाइन/एवियन/इक्वाइन/पोर्साइन प्रजातियों की 75 देसी पशुधन नस्लों की डिजिटल प्रदर्शनी के आसपास रखा था।
- श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने आयोजन का शुभारंभ किया। डॉ. संजीव कुमार बालियान और डॉ. एल मुरूगन, राज्य मंत्री, एफएएचडी सम्मानित अतिथि थे और इन्होंने आयोजन को संबोधित भी किया।
- उद्‌घाटन सत्र के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम प्रारंभ किए गए।
  - ➢ दो डिजिटल कॉफी टेबल किताबों का विमोचन
  - ➢ ए हेल्प के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत
  - ➢ पदमश्री पुरस्कार प्राप्त करने वालों का सम्मान
  - ➢ स्टार्ट-अप ग्रैंड चैलेज 2.0 के विजेताओं की घोषणा
  - ➢ 75 उद्यमियों का सम्मान
- डेयरी और कुक्कुट किसानों, अभिनव उद्यमियों, स्टार्ट-अप और उद्योग की भागीदारी वाली कॉन्क्लेव में उत्पादकता बढ़ाने और पशु स्वास्थ्य को सुधारने, मूल्य वर्धन तथा बाजार संपर्क और नवाचार तथा प्रौद्योगिकी संबंधी तकनीकी विषयों वाले तीन सत्र भी थे।

### डिजिटल प्रदर्शनी :

➢ माननीय कैबिनेट मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला जी ने राज्य मंत्रियों, डॉ. एल. मुरूगन और डॉ. संजीव कुमार बालियान के साथ डिजिटल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया, जिसमें बोवाईन/कैपराइन/ओवाइन/इक्वाइन/एवियन/पोरसाइन प्रजातियों में से श्रेष्ठ 75 देसी नस्लों को दिखाया गया। डिजिटल प्रदर्शनी में 75 देसी पशुधन नस्लों और डेयरी तथा कुक्कुट किसानों, एफपीओ, नवाचारी उद्यमियों, स्टार्ट-अप और उद्योग की सफलता की कहानियां दिखाई गईं।

➢ 1200 से अधिक किसान इस कार्यक्रम में मौजूद थे और देशभर से 50,000 किसान 1,000 सामूहिक सेवा केंद्रों के माध्यम से जुड़े।

## 6. प्रशासन :

(i) भारत सरकार आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है और इसके भाग के रूप में आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के काउंटडाउन के रूप में आयोजन करने का प्रस्ताव रखा था। पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ

(जीसीएमएमएफ) के सहयोग से 17 जून, 2022 को राज्य सरकारों के सहयोग से प्रतिष्ठित जगहों जैसे सोमनाथ, गुजरात, ऋषिकेश, उत्तराखंड और कन्याकुमारी, तमिलनाडु में राज्य सरकारों के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 योगोत्सव के काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किए गए। योगोत्सव का मुख्य विषय सही जीवन तथा पौष्टिक आहार के साथ योग था।
श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, भारत सरकार ने सोमनाथ, गुजरात में बतौर मुख्य अतिथि योग उत्सव की शोभा बढ़ाई। माननीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान ऋषिकेश, उत्तराखंड में मुख्य अतिथि थे और माननीय राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन, कन्याकुमारी, तमिलनाडु में मुख्य अतिथि थे। सोमनाथ, गुजरात में 2000 से अधिक किसानों ने योग उत्सव के काउंटडाउन में हिस्सा लिया।
माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने एनडीडीबी द्वारा विकसित गोबर गैस गारा आधारित जैविक खाद और शिशु संजीवनी (सुपोषण किट) लॉन्च की। माननीय केंद्रीय मंत्री ने जूनागढ़, अमरेली, गिर, सोमनाथ और राजकोट से आए एक हजार से अधिक किसानों के साथ अरब सागर में ढलते सूर्य की पृष्ठभूमि में सोमनाथ मंदिर परिसर के योग सत्र में हिस्सा लिया।
विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालयों के साथ देशभर की विभिन्न सहकारिता और दूध उत्पादक कंपनियों के 7.5 लाख से अधिक डेयरी किसानों ने वर्चुअल रूप से जुड़कर योग का अभ्यास किया।

(ii) भारत सरकार ने 21 जून, 2022 को 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) और मेहसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड के साथ मिलकर 21 जून, 2022 को मोढ़ेरा सूर्य मंदिर मेहसाणा, गुजरात जैसे प्रतिष्ठित स्थान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 मनाया।
श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, भारत सरकार ने श्री ऋषिकेश पटेल, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, गुजरात सरकार, श्रीमती श्रद्धाबेन पटेल, माननीय सांसद की श्रद्धेय उपस्थिति में बतौर मुख्य अतिथि आयोजन की शोभा बढ़ाई और माननीय केंद्रीय मंत्री ने 5 हजार से ज्यादा डेयरी किसानों के साथ-साथ स्थानीय गणमान्यव्यक्तियों और छात्रों आदि के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) में भाग लिया। विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालयों के साथ देशभर से विभिन्न सहकारी और दूध उत्पादक कंपनियों से 5.5 लाख से अधिक डेयरी किसानों ने योग उत्सव में वर्चुअल रूप से जुड़कर योग का अभ्यास किया।

(iii) विभाग ने 21 जून, 2022 को न्यूयॉक में भारत के काउंसलर जनरल के सहयोग से टाइम्स स्क्वेयर, न्यू यार्क, यूएसए में और सिंगापुर उच्चायोग के सहयोग से सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया। विभाग ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न डेयरी उत्पादों जैसे घी, पनीर, छाछ आदि को प्रदर्शित किया।

## 7. पशुपालन सांख्यिकी (एएचएस)

वर्ष 2021-22 के लिए एमएलपी अनुमानों के विश्लेषण और सॉफ्टवेयर से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए सलाहकार (सांख्यिकी) की अध्यक्षता में चंद्रलोक भवन, जनपथ, नई दिल्ली के समिति कक्ष में एक तकनीकी बैठक आयोजित की गई।

## 8. बजट

वर्ष 2022-23 के लिए जून, 2022 तक, 4288.84 करोड़ रुपए के बजट अनुमान की तुलना में, 448.55 करोड़ रुपए व्यय हुए। जून 2022 माह के दौरान पशुपालन और डेयरी विभाग का व्यय 303.81 करोड़ रुपए था।

९. **सोशल मीडिया कार्यकलाप :**

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 70,504 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत, 162 रचनात्मक पोस्ट किए गये, 226 ट्वीट और 1132 रिट्वीट किए गये, 5 वीडियो और जीआईएफ बनाये गये। विभाग के फेसबुक पेज पर 1,28,946 फालोवर्स हैं। विभाग के कू अकाउंट पर 48,400 फॉलोवर्स हैं। जून, 2022 के अंत तक लिंक्डइन पर 843 फालोवर्स और इंस्टाग्राम पर 619 फालोवर्स हैं।

******